उपकार मुझपे इतना कर देना श्याम बाबा

उपकार मुझपे इतना कर देना श्याम बाबा,
मेरा नाम प्रेमियों में लिख लेना श्याम बाबा,

माना मेरे दुखो का हल भी कुछ नहीं है,
पर आप के लिए तो मुश्किल भी कुछ नहीं है,
अब दुःख जन्म जन्म के हर ले न श्याम बाबा,
मेरा नाम प्रेमियों में लिख लेना श्याम बाबा,

अर्जी पे गौर देना मत देना आले टाले,
कहते है मुझको पागल सारे जमाने वाले,
मेरे दिल में अपनी भक्ति भर दे न श्याम बाबा,
मेरा नाम प्रेमियों में लिख लेना श्याम बाबा,

जाऊ मैं किस के दर पे दुनिया है झूठा सपना,
तेरे सिवा मेरा कोई नहीं है अपना,
मेरे सिर पे हाथ अपना रख दे न श्याम बाबा,
मेरा नाम प्रेमियों में लिख लेना श्याम बाबा,

तन मन है तेरे अर्पण राधा रमन बिहारी,
तेरी शरण पड़े है सभी दीं और अनाड़ी,
भजनो के लिए मीठा स्वर देना श्याम बाबा,
मेरा नाम प्रेमियों में लिख लेना श्याम बाबा,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/13296/title/apkaar-mujhpe-itna-kar-dena-shyam-baba

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |